# कार्यालय उप वनमण्डलाधिकारी भीकनगाँव (सामान्य)

तहसील भीकनगाँव, जिला खरगोन (म.प्र.) E-mail sdoFTbhikangaon@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2023/452 भीकनगाँव, दिनाँक 02/03/2023

प्रति,

श्रीमान वनमण्डलाधिकारी महोदय,

वनमण्डल खरगोन (सामान्य)

विषय :- 11 के.व्ही. विद्युत लाईन मजरा टोला गुलाब सुमला फाल्या कोटबेड़ा में विद्युत लाईन का विस्तार कार्य करने की स्वीकृति बाबत्।

संदर्भ :- 1) आपका पत्र कमांक/मा.चि./2022/5601 खरगोन दिनाँक 25.07.2022।

2) वन परिक्षेत्र तितरान्या का पत्र क्रमांक/2023/210 तितरान्या, दिनाँक 27.02.2023।

--------0000--------

D.F.O.Khargone

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के पालन में निवेदन है कि 11 के.व्ही. विद्युत लाईन मजरा टोला गुलाब सुमला फाल्या कोटबेड़ा में विद्युत लाईन का विस्तार कार्य करने की स्वीकृति बाबत् प्रस्ताव क्रमांक/FP/MP/VELEC/154557/2022 की जाँच परिक्षेत्र सहायक पीढी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियो के साथ रहकर प्रभावित वनभूमि का मौका स्थल का निरीक्षण दिनाँक 20.12.2022 को किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी, तितरान्या के कार्यालयीन पत्र क्रमांक 210 दिनाँक 27.02.2023 का अवलोकन करने पर पाया गया कि 11 के.व्ही. विद्युत लाईन मजरा टोला गुलाब सुमला फाल्या कोटबेड़ा में विद्युत लाईन का विस्तार कार्य में बीट पीढी जामली के कक्ष क्रमांक 799 वनग्राम कोटबेड़ा एवं कक्ष क्रमांक 797 आरक्षित वनक्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है। जॉच के दौरान बीट पीढी जामली वनग्राम कोटबेड़ा के कक्ष कमांक 799 में लम्बाई 380 मीटर एवं चौडाई 07 मीटर में रकबा 0.266 हेक्टर एवं कक्ष कमांक 797 में लम्बाई 190 मीटर एवं चौड़ाई 07 मीटर में रकबा 0.133 हेक्टर कुल प्रस्तावित रकबा 0.399 हेक्टर वनभूमि प्रभावित होना प्रस्तावित है। कक्ष कमांक 799 में जी.पी.एस. रिडिंग प्रथम बिन्दु– **N**-21°28'02.20" E-75°46'33.52" से N-21°28'11.00" E-75°46'37.00" एवं कक्ष कमांक 797 में जी.पी.एस. रिडिंग प्रथम बिन्दु– N-21°28'11.00" E-75°46'37.00" से **N**-21°28'16.96" E-75°46'38.55" है। उक्त विद्युत लाईन विस्तार में वृक्षों को किसी प्रकार से कोई क्षति होना नहीं पाया गया है। प्रस्तावित वनभूमि का मौका स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत है–

188
06/03/23



Scanned with CamScanner

01) प्रस्तावित योजना स्थल के 02 फोटोग्राफ पत्र के साथ पृथक से संलग्न है।

02) योजना से प्रभावित वनभूमि बीट पीढी जामली वनग्राम कोटबेडा के कक्ष कमांक 799 में लम्बाई 380 मीटर एवं चौड़ाई 07 मीटर में रकबा 0.266 हेक्टर एवं कक्ष कमांक 797 में लम्बाई 190 मीटर एवं चौड़ाई 07 मीटर में रकबा 0.133 हेक्टर कुल प्रस्तावित रकबा 0.399 हेक्टर वनभूमि का उपयोग होना पाया गया है।

03) प्रचलित कार्य आयोजना अनुसार प्रस्तावित उक्त कक्ष क्रमांक 799 वनग्राम कोटबेड़ा का होकर, वनभूमि का घनत्व निरंक है तथा वनभूमि प्रकार समतल होकर वनग्राम कोटबेड़ा के अन्तर्गत आता है तथा कक्ष क्रमांक 797 की वनभूमि का घनत्व 0.2 से 0.3 तक वनभूमि प्रकार पहाड़ी एवं कार्यवृत जलाऊ एवं चारागाह विकास के अन्तर्गत आता है।

04) प्रस्तावित वनक्षेत्र में वन्य प्राणियों की गणना का विवरण (विगत वन्य प्राणी गणना के अनुसार) वन्य प्राणियों की जानकारी निरंक होना पाया गया।

05) ऐतिहासिक / पुरातत्व धरोहर स्थित होना नहीं पाया गया।

06) चूकि विद्युतीकरण कार्य गैर वानिकी कार्य होने से, यदि अनुमति के बगैर कार्य होता है तो, वन संरक्षण अधिनियत 1980 का उल्लंघन होगा।

07) प्रस्तावित योजना के क्रियान्वयन पर औचित्यपूर्ण टीप प्रस्तावित योजना से ग्रामीणों के मुलभूत सविधाओं में विकास होगा।

08) न्यूनतम उपयोगिता प्रमाण–पत्र पृथक से संलग्न है।

09) पोर्टल पर ऑनलाईन प्रस्ताव भाग–2 की प्रति उल्लेखित बिन्दुओं की आवश्यक पूर्ति की गई।

अतः वन परिक्षेत्र अधिकारी तितरान्या से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा मय दस्तावेज से सहमत होते हुए जाँच प्रतिवेदन अनुशंसा सहित अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(दिनेश वास्केल)
उप वनमण्डल अधिकारी
भीकनगाँव


Scanned with CamScanner

HIRANIYA RANGE

## COMP. NO. : 799

KHARGONE DIVISION

11 K.V. विद्युत लाईन विस्तार, गुलाब सुमला फाल्या वनग्राम कोटबैडा, ग्राम पंचायत - कोटबैडा




Scanned with CamScanner